# VOCANA

2022-23



*ONWARD HO !*

College of Vocational Studies
Press Enclave Road, Sheikh Sarai Phase II
New Delhi- 110017

# VOCANA

## Magazine Committee 2022-23



**NANDINI OBEROI**
Convener
Associate Professor, Department of Economics



**DR SWATI CHANDRA**
Teacher Advisor, Design
Assistant Professor, Department of English



**DR SHWETA**
Associate Professor
Department of Commerce



**DR RUPESH SHUKLA**
Assistant Professor
Department of Hindi



**DR NEERU SINGH**
Assistant Professor
Department of Hindi



**DR NAVIN SEHGAL**
Assistant Professor
Department of Computer science



**DR MRINMOYEE RAY**
Assistant Professor
Department of History



**SHILPA GARG**
Assistant Professor
Department of Commerce

# VOCANA

## DESIGN TEAM

### Teacher Member



**DR SWATI CHANDRA**
Assistant Professor
Department of English

### Student Members



**RAJNISH PANDEY**
B.Voc, Human resource management
3rd Year



**HARSH JAISWAL**
Bachelor's of Commerce (Hons)
3rd Year

# FROM THE PRINCIPAL'S DESK



"Imagination is more important than knowledge."
Albert Einstein

I take immense pleasure in composing this message for the 2022-23 edition of VOCANA, our college magazine. Last year, the spécial issue commemorating the Golden Jubilée célébration of the collège was named ‘Charaiveti’- Keep Walking ! This year, we continue to march forward with unwavering determination, and our magazine is aptly titled "Onward Ho!" It captures the spirit of our young students who wholeheartedly dedicate themselves to their passions.

Our college's vision and mission revolve around creating a holistic environment for our students, and nurturing their growth in academics and extracurricular activities alike. The college magazine serves as a vital platform, enabling students to express themselves creatively and voice their opinions freely. These words resonate deeply as they highlight the power of creativity. In the pages of VOCANA, you will witness the magic of imagination transformed into words, art, and ideas. These young minds are the architects of our future, the dreamers who dare to envision a world beyond the ordinary. They are the change-makers, the innovators, and the leaders of tomorrow. Maya Angelou beautifully captures this sentiment: "You can't use up creativity. The more you use, the more you have." By encouraging and nurturing the creativity and passion of our youth, we ensure a brighter and more promising future for all.

I extend my heartfelt congratulations to the magazine committee Convenor and all the dedicated team members, for their remarkable efforts in bringing this issue to life. I look forward to greater creative engagement in the years to come.

The year 2022-23 was significant for India as well as we headed the G20 forum marking a remarkable stride in global leadership. I hope we all continue to progress, putting forth our best efforts and contributing to the betterment of our beloved India. Wishing you all a year filled with boundless creativity, unwavering passion, and the courage to motivate and inspire young minds.

Best Wishes,

**Prof. Inder Jeet**
**Principal**

# MESSAGE FROM THE CONVENOR



Another year has passed and it's time for a new Vocana. This issue is not so much about looking back but more about looking forward as it is titled 'Onward Ho !' As before, it is a collection of the thoughts, aspirations and dreams of our students and reflects the changing time - a time where there are new jobs and opportunities at every turn, you only need to be able to spot them. And you, dear reader, are in the AI age - which is both challenging and exciting.

Technology has helped to bridge many gaps and provided multiple opportunities to us all - what was unthinkable a decade ago is commonplace now.

As is our practice now, for reasons of sustainability we have only a digital version of the magazine, but we do hope that you will read it and contribute to it. Next year, we hope to be able to incorporate pod casts and students' voices and make the magazine a more interactive experience. In the meantime, the magazine continues to provide a platform for the creative voice of students and their stories. I hope that the magazine provides a mirror of our times and reflects the values that we cherish, of compassion, humility and humaneness and friendship.

The Magazine Committee members- Swati, Rupesh, Neeru, Shweta, Shilpa , Navin and Mrinmoyee and the students in the Design Team must be commended for their efforts and congratulated for bringing out the magazine. I do hope that this effort continues in the years to come.

**Nandini Oberoi**
**Convenor**
**Magazine Committee 2022- 23**

# FOREWORD



" You use works of art to see your soul." - G. B Shaw

This year's issue of Vocana, the college magazine—Onward Ho ! —is a continuation of Charaiveti, the previous year's edition. While the earlier edition was about coming out of the gloom of the pandemic, this year, the expressions are free from the shackles of the past. Very soon, and for the better, everyone has moved on, with their dreams and duties. This zest for life and the spirit to move on and explore unchartered territories get reflected in Onward Ho !

The young souls have issues of their own and despite what times we are in, their aspirations and apprehensions remain the same, guided by their youth. That is why most of the poetry in the English section talk about love, betrayal, the desire to fit in, and the resolve to move on and come out stronger as they move through their trying times, largely dealing with love. One student is writing to her childhood self and guiding her about how to make sense of this unfair world. The assertion of identity by women and carving out a place of reverence for themselves in the male dominated order, is also a recurring theme.

It was satisfying to find students write about the social issues they see around which disturb them. While one student writes about a witnessing account of the floods, another writes about the inequality existing in the society. Ruchi Singh, a faculty has expressed concerns regarding the environment and has also presented a gallery of pictures of the different birds that we can spot in the college campus, provided we have that eye for nature.

The artistic expressions of the students also find a space here and we can just wonder at their skills. We have tried to accommodate every kind of expression without trying to judge either the skills or the ideas. A student has, quite aptly, offered hope in the times of Artificial Intelligence, suggesting that all is not over for humans, not yet, because what machines cannot take away is human creativity. Creativity is the greatest human resource and we hope, more students engage with the world creatively and also put out their work for their peers to see and get inspired from. The magazine is one such wonderful platform.

Stay creative,

**Swati Chandra**
**Member, Magazine Committe**



# What's inside?

Contents | Author | Pg. No.


## 01 Sonnet Streams

| | Contents | Author | Pg. No. |
|---|---|---|---|
| 1 | Her | Tanya Jha | 1 |
| 2 | सड़क | अनुज सिंह | 2 |
| 3 | Loving and letting go | Shamoodah Aazam | 3 |
| 4 | होना नहीं उदास | डॉ भावना शुक्ल | 4 |
| 5 | Truly Yours: A short love story | Akshika | 5 |
| 6 | भूत, वर्तमान, भविष्य | अनुज सिंह | 6 |
| 7 | Scared to Love | Kaifiya Khan | 7 |
| 8 | सफेद कपड़े | तोता योगेश | 8 |
| 9 | A soul forever wanting to fly | Swity | 9 |
| 10 | शक्ति | दिग्विजय सिंह | 10 |
| 11 | Saffron | Aryan Goel | 11 |
| 12 | जन्म - संघर्ष | दिग्विजय सिंह | 12 |
| 13 | मां | दिग्विजय सिंह | 12 |
| 14 | Love is You | Shamoodah Aazam | 13 |

## 02 Speak the Unspoken

| | Contents | Author | Pg. No. |
|---|---|---|---|
| 1 | वापसी का सफर | मो ० शादाब | 16-17 |
| 2 | The fiery wake up call: Delhi's battle against global warming | Ruchi Singh | 18-19 |
| 3 | गांव की बाढ़ | ऋषभ शर्मा | 20-23 |
| 4 | The female quest of owning the pen | Somya | 24-27 |
| 5 | वह नहीं आई | अनुज सिंह | 28-29 |
| 6 | Breaking down AI's boundaries | Dhiraj | 30 |
| 7 | कैफे और तुम | मो ० शादाब | 31 |
| 8 | आविष्कार का युग | अश्वंत उइके | 32 |
| 9 | Dear Childhood Me | Arushi Barathi | 33-34 |
| 10 | कथात्मक कल्पना के आध्यात्मिक शिल्प में: ईश्वर भी बस तुम्हे देखने आते थे | सोनम तोमर | 35-39 |

## 03 The Brilliant Brushes

| | Contents | Author | Pg. No. |
|---|---|---|---|
| 1 | The artist within me | Linsha Jebin | 41 |
| 2 | Immortal Portraits | Debasmita Kar | 42 |
| 3 | The Melody of Art & Dance | Sneha Ghosh, Anjali Chibber | 43 |
| 4 | Endearing | Debasmita Kar, Vinay Kumar | 44 |
| 5 | Cherry Picked | Kaifiya Khan | 45 |

## 04 Wings of CVS

| | Contents | Author | Pg. No. |
|---|---|---|---|
| 1 | Different types of birds spotted in CVS campus | Ruchi Singh | 47-48 |

## 05 Activities

| | Contents | Author | Pg. No. |
|---|---|---|---|
| 1 | 51st Annual Day Celebration | © Zephyr | 50-52 |
| 2 | Glimpse of Awards ceremony | © Zephyr | 53 |



# SONNET STREAMS

# HER

To begin, art isn't perfect

Her bodily scars screeching her
through the transformation
Her hairs tangled as if some universe
is building up there
the light reflecting back from her eyes,
doesn't reach any point
it goes endless
just like her free flowing
LOVE
and in her bosom lies
sweet taste of the world
her bodily fluids taste like ambrosia and
in her touch
their is stillness...



**Tanya Jha**
**English Hons, 1st year**

# सड़क

सड़क..
पहुंचाती है भटके को घर,
पथिक को उसके गंतव्य तक,
पर्यटक को उसके लक्ष्य तक,
श्रद्धालु को उसके ईष्ट तक,
भेदभाव के बिना...

मैं भी इसी सड़क के समरूप,
एक नई सड़क चाहता हूं,
जो बनी हो
धर्मों और जातियों के मिश्रण से,
जो विलग हो
ऊंच और नीच के बंधन से,
ठीक वैसी ही..
जो बनती है कंकरीट  से,
जिसमे साइकिल, कार, ट्रक, सभी
समान अधिकार से चलते हों,
जो भेद नहीं करती
ए.सी और नॉन-ए.सी गाड़ियों में,
साइकिल और मोटरसाइकिल में,
कार और बस में,
जिसका हिस्सा राजा भी हो
और रंक भी,
शहंशाह भी हो
फकीर भी,
बिद्धजीवी भी हों
श्रमजीवी भी।

मैं भी इसी सड़क के समरूप,
एक नई सड़क चाहता हूं

**अनुज सिंह**
**हिंदी ऑनर्स, द्वितीय वर्ष**

# LOVING AND LETTING GO

She loved someone,
blindly, recklessly, crazily
Even if the love
consumed her
She never stopped loving
Not even for a moment
She knew she'll get nothing
But pain and misery
And hours of brooding
and getting nowhere
She wanted to live
Be in the moment
She didn't care for tomorrow
She believed in rejoicing the present
Fearless, bold yet sensitive
She tends to fall in love easily
Falling out of love was difficult
And that's what kept her alive
The will to strive for the people she loved
To remember the memories
she had created with them
Even if they were not there anymore
She learnt
that nothing is permanent
And that's what made her evolve
Into someone she never thought she'd be
Today she is all strength and grace
Her maturity, her thinking and her heart
All in one place

**Shamoodah Aazam**
**English Honours, 2nd Year**

# होना नहीं उदास



पथ पर थक कर नहीं बैठना, होना नहीं उदास।
मंजिल चल कर खुद आएगी, पथिक तुम्हारे पास।।
पहले पहल कदम रखने पर, गिरते हैं इंसान।
धीरे - धीरे होती जाती, हिम्मत से पहचान ।
हिम्मतवाले पांव मचलते, चलता रहे प्रयास।।
पांव चूमकर कंकर कांटे, मांगेंगे वरदान।
वैष्णवता की लाज बचाने, कर देना एहसान ।।
आज सभी कुछ मिल सकता है, मिले नहीं विश्वास।
उल्टे सीधे बढ़ते जाना, जिनको नहीं कुबूल।
जाहिर है उनके होते हैं, अपने सिद्ध उसूल ।।
किसी तरह कुछ पा जाने को कहते नहीं विकास।

पथ पर थक कर नहीं बैठना, होना नहीं उदास।
मंजिल चल कर खुद आएगी पथिक तुम्हारे पास।।

**डॉ भावना शुक्ल**
**सहायक प्राध्यापक**
**हिंदी विभाग**

# TRULY YOURS: A SHORT LOVE STORY



I loved you the moment I saw you with my eyes
Ever since then I kept on feeding myself lies
That I don't love you
I didn't even like you
You were just another face
In that huge crowd
But soon you became a loving embrace
Whenever I felt my head getting a little too loud
Slowly the friendship
Evolved into something more
It truly was a feeling
I had never felt before
Suddenly all the love songs
Became about you
And then came the question
Do you love me too?
Finally, after years
I had the courage to ask
It was such a simple quest
Still it seemed like a huge task
Then came your answer
I was the most afraid to hear
"Yes... I do...." and I swear
All I sensed was a dissipating fear
For my diseased heart
I finally had found a cure
I don't know if I ever could be someone else's
When I'm truly yours...

**Akshika**
**English Hons, 1st Year**

# भूत-वर्तमान-भविष्य

रोज़ रात को "वर्तमान"
थपकियों संग
मुझे सुलाता है
सुनाता है
साथ में कुछ लोरियां भी
दिखाता है
चाँद भी और रोटियां भी

इठलाता है मेरा "भविष्य"
मुझे नींद से जगाने को
हमेशा की तरह

फिर "अतीत" की क्रुद्ध आवाजें
जोर से झकझोरती हैं

मैं उठ रहा होता हूँ
रोज की तरह
“वर्तमान” से बिछड़कर
“अतीत” को कोसते हुए,
“भविष्य” के सपनों में



**अनुज सिंह**
**हिंदी ऑनर्स, द्वितीय वर्ष**

# SCARED TO LOVE



Afraid, she was, of love
But the idea haunted her
Forgetting someone is not easy
Someone who has loved you unconditionally
The pain becomes a malady with no cure.
She knew life was not fair
She knew heartbreaks were meant
for those who love and care
Helplessly she had fell for his smile
He was like a distant star
Which she could only adore from far
They did not last long
She was afraid of those memories
Those smiles, those jokes and those songs
Her non stop talking
and him letting her talk
they miss everything,
every bit of the life
that they've lived together

Life was cruel to part them
but those memories are something
that life can't steal.
She knows
One day
She too shall heal

**Kaifiya Khan**
**English Honours, 1st Year**

# सफेद कपड़े

'सफ़ेद कपड़े'

मटमैले प्रतीत हो रहें हैं मुझे
सभी 'सफेद कपड़े'
या यूँ कहें रंग उजड़ रहा है
इन शारीरिक मुखौटों का

अरे भई !
शारीरिक मुखौटे ही तो हैं ये ' सफेद कपड़े
जिन्हे पहनकर लोग, 'साहब जी' वाली श्रेणी में आ जाते हैं
और भूल जाते हैं,इन सफेद कपड़ों के हुनरबाज कारीगरों को
जो लाते हैं कपड़ों को मिट्टी से सफेदी तक

'किसान' उगाता है कपास अथक परिश्रम से
'बुनकर' बुनता है कपास अपने ताने- बाने में
'दर्जी' सिलता है उसे हमारी नाप में
'धोबी' धुलकर निखारता है कपड़े का रंग
इस्त्री करने वाला बनाता है
उसे कलफदार और सलीकेदार

जब तक ये सभी असक्षम हैं
अपनी जरूरतें पूरी करने में,
तब तक चमकदार नहीं हो सकते
'सफेद कपड़े'

**तोता योगेश**
**एम.एम.आई , प्रथम वर्ष**

# A SOUL FOREVER WANTING TO FLY

In this intricate world
There is a soul that wants to shine
Not only in professional and personal life
But also
In sickness and in health
And even when
The soul has all the wealth

This oh-so loving soul, wants another soul
to ride together through difficult roads
No matter where the road may lead to
"staying together "
is a rule that she always
wants to heed to
But till then,
the soul will wait
for the love that she earnestly wants
And she doesn't have to go by usual norms
She will wait for that day
When
under the warmth of the winter sun
she will embrace her lover's soul
and become one
But till then
in good and bad times
She will strive
under an endless sky
a soul, forever wanting to fly

**Swity**
**Computer Science, 2nd Year**

# शक्ति

आदि न अंत है
जीवन यहाँ पर्यंत है
है मध्य में शक्ति बड़ी
है सामने शक्ति खड़ी
जीवन का चाहे काल हो
स्वरूप भी विकराल हो
डटकर खड़ी वो सामने
हार नहीं उसे स्वीकार है
संघर्ष अग्नि में जली
तप की आग में तपी
ले दुखों का भार वो
हर डगर, हर गली
दृश्य ये विधान का
देखने की है किसको पड़ी
अश्रुओं की बौछार से
सींचती है हर कली
सहनशीलता की शक्ति भी
कितनी शक्ति में भरी हुई
अरसे से वो चल रही
बुझी हुई थकी हुई
धीरज भी है खो रहा
देख तेरी यह दशा
पीर भी अब रो रहा
सुख-भावों को वह खो रही
शक्ति बची अब त्याग की
टूटे हुए मन के राग की

हे शक्ति, तू ही सृजन कर
एक नई तस्वीर की
अपनी रेखाएं खुद गढ़
एक नई तकदीर की



**दिग्विजय सिंह**
**हिंदी ऑनर्स,तृतीय वर्ष**

# SAFFRON

Saffron, a flame that burns so bright
A color that fills our hearts with delight
A symbol of divinity, purity, and grace
A hue that takes us to a sacred space



It's the color of the rising sun
A new day, a fresh start, a new run
A color that speaks of courage and strength
Of resilience, hope, and immense faith

In the land of mystics, it reigns supreme
A color that's part of a seeker’s  dream
Of the saints and seers who meditate
And the devotees who love and celebrate

Saffron, a color that's rich and pure,
A symbol of the soul's eternal lure,
It's the light that shines within us all,
A reminder of the divine eternal call.



In every ritual, in every prayer,
Saffron is present with an aura, rare
A color that touches our deepest core,
And takes us to a world of love and more.

It's the color of the flag that flies,
Of a nation that's ancient and wise,
Of a people who believe in unity,
In diversity, and in community.

Saffron, a color that fills our hearts,
With inspiration that never departs,
A symbol of all that's divine and true,
Perpetually trying  to make a new you!



**Aryan Goyal**
**History Honours**
**2nd Year**

# जन्म- संघर्ष

जन्म पाना बहुत कठिन है
गर्भ आना आसान है
उससे भी आसान है
सुझाव मांगना कि
इसे मिटाना कितना आसान है?
कितना खर्चीला है?
कितनी मुसीबतें?
प्रेमी जोड़ों का ये सवाल कि
इस बच्चे की जिंदगी कितनी आम है!
सोचता हूँ , प्रेम का क्या यही दाम है?
चेहरे पर न कोई गलती का भाव
एक अजीब से आत्मविश्वास ने मुझे
झकझोर कर रख दिया



# माँ

माँ कहीं तुम चाँद तो नहीं !
रोज घटते- बढ़ते देखता हूँ
रोज शीतलता और रोशनी के साथ
कभी धीमी,
कभी तेज देखता हूँ
माँ तुम्हें हमेशा सुंदर देखता हूँ
पर तुममें हमेशा
पूर्णिमा का चाँद नहीं देखता





**दिग्विजय सिंह**
**हिंदी ऑनर्स , तृतीय वर्ष**

# LOVE IS YOU

Whenever I think about love
I imagine it as sweet as honey
It's enchanting, warm and dewy
It reminds me
of all the things I'm thankful to
It takes all my insecurities away
and portrays it as art
It makes me feel less flawless
and makes me feel full
It's crazy yet beautiful
Love is like sunsets on the beaches
and sunrise on the mountain peaks
It feels like home away from home
Love comes sooner or later
But when the time is right
love will definitely appear
Love is euphoric
and magnetic
Love is everything
worth loving
In short,
for me, love is you

**Shamoodah Azam**
**English Honours, 1st Year**

# SPEAK THE UNSPOKEN



# वापसी का सफ़र




बस की आखिरी सीट पर बैठा मैं अपने बीते दिनों को याद करने की कोशिश कर रहा था। नहीं, नहीं याद नहीं जीने की कोशिश कर रहा था। बस की खिड़की पर सिर रखा और धीरे धीरे आँखें बंद कर ली हवा का झोंका मुझे भीतर ही भीतर से  मायूस कर रहा था, आँखें बंद करने पर मुझे धूमिल सा एक चेहरा दिखा, चहरे पर हल्की झुर्रिया और कान के पास के सभी बाल लगभग सफ़ेद हो चुके थे, आँखों में एक अजीब सा रुखापन था बहुत गौर करने पर मालूम पड़ा यह चेहरा मेरी माँ का था,

सपने के भीतर और गया तो मालूम हुआ एक छोटा बच्चा हाफ निक्कर और टी-शर्ट पहने भाग रहा है, माँ उसके पीछे पीछे दोड़ रही है और एक तेज़ आवाज में उसे कह रही है " ए राजू रोटी खा ले, खायेगा नहीं तो मजबूत कैसे बनेगा " राजू नाम सुन कर मेरा ध्यान उस बच्चे पर गया,  तो मालूम पड़ा ये तो मैं हूँ।, माँ मेरे पीछे कुल आधे घंटे से ज्यादा दौड़ी थी अंत में उन्होंने मुझे पकड़ ही लिया, दोनों हांफ रहे थे फिर माँ ने मुझे अपनी गोद में बिठा कर रोटी का छोटा-छोटा टुकड़ा खिलाने लगी थी।  इससे पहले की मैं आगे कुछ देख पाता इतनी देर में बस में एक तेज़ ब्रेक लगी और मेरी आँख खुल गई। सपना टूट चूका था। बस गाजियाबाद के एक ढाबे पर रुकी थी, सभी यात्री खाना खाने गए थे। मुझे भी भूख लगी थी क्योंकि सुबह जब बाबूजी का फ़ोन आया कि " अम्मा बीमार है तुम फ़ौरन चले आओ " तो जल्दबाजी के चक्कर मैं कुछ खा पी नही पाया थ।.

बस आगे बढ़ चुकी थी, बाबूजी का फ़ोन आया था माँ के विषय में पूछने पर रुआंसे से हो गए थे फिर खुद को सँभालते हुए बोले " अभी ठीक है तबियत " आवाज लड़खड़ा रही थ।, माँ कितनी ठीक है यह बात बाबूजी की हकलाहट ने बता ही दी थी। रात काफी हो चुकी थी बस में सब सो चुके थे मगर मेरी आँखों में नींद नही थी, मैं बार बार माँ के बारे में सोच रहा था। माँ को सोचते-सोचते आँखें भीग गयी थी और आँखों के आगे अँधेरा छाता दिख रहा था। अब दुबारा वही चेहरा दिखाई दिया सफ़ेद बाल, चहरे पर हल्की झुर्रियाँ, मगर इस बार बच्चा बड़ा हो चुका था, माँ फिर खाना ले कर दौड़ रही है और इस बार आवाज में नरमी और कोमलता ज्यादा थी " बेटे रोटी खा कर स्कूल जाना पूरे दिन बाहर रहता है।  "मगर बच्चा जल्दी-जल्दी बैग उठा कर भागने की कोशिश करता है। माँ उसे रोक कर जबरदस्ती निवाला तोड़-तोड़ कर खिलाने लगती है।

फिर वही दृश्य और इस बार फिर माँ ही थी मगर बच्चा बहुत बड़ा हो गया था, कहानी वही थी बच्चा आगे-आगे माँ पीछे पीछे, वक्त के साथ उम्र बढती रही मगर माँ का प्यार वही का वही रहा। वक्त के साथ प्यार का तरीका जरुर बदल गया था, मगर प्यार कम नही हुआ था।

# वापसी का सफ़र

मेरी नींद टूट चुकी थी, क्यों टूटी इसकी वजह नहीं मालूम, बाहर खिड़की से झाँका तो सब तरफ अँधेरा था, ऊपर आसमान काला था, बहुत से तारे टिमटिमा रहे थे, एक पल मेरे जेहन में आया, माँ भी कहीं इन तारों के बीच न चली गयी हो, फिर तुरंत सिर को झटक दिया और उस ख्याल से बाहर आ गया। माँ का स्वभाव बहुत ही भोला और सुशील था, जिसकी वजह से बाबूजी और मुझे वो थोडा मुर्ख जान पड़ती थी। हर बार बाबूजी उन्हें ये कह कर चुप करा देते थे "तुमको कुछ नहीं पता तो तुम चुप ही रहा करो" इस बात पर वो जोर से हंस देती थी और फिर पिता और मुझे टुकुर-टुकुर देखती रहती थी। नौकरी के लिए शहर आने की खबर ने उन्हें बहुत उदास कर दिया था, उठते बैठते सोचते हुए ही उनकी आँखों में आंसू भर आया करते थे, फिर वो दिन आ गया जिस दिन मुझे शहर आना था और उस दिन माँ मुझे खाना-पीना वक्त पर खाने की सलाह देती रही। घर से निकलते हुए वो मेरे गले से लिपट फूट-फूट कर रो रही थी और उस पल मेरी भी आँखों से आंसू निकल रहे थे, फिर भीतर गई और मुट्ठी में कस कर दबाये कुछ पैसे लाई और मेरे हाथ में जबरदस्ती पकड़ा दिया था। यह पैसा उनके बरसो से जमा किये हुए पैसे थ। बाबूजी ने देखते ही कहा " अरे मैंने दिया तो है उसे पैसा " बाबूजी की बात पर मैंने भी हामी भरी मगर माँ ने माथा चुमते हुए बोला "रख ले काम आयेगा" . मैं बस पर बैठ गया था माँ और बाबूजी नीचे से ही सब समझाने लगे जैसे " ठीक से जाना, पहुँच कर फ़ोन करना, दिवाली पर घर जरुर आना " और भी बहुत कुछ उनकी बाते खत्म होती उससे पहले ही बस चल पड़ी थी। माँ पल्लू से अपने आंसू पोछ रही थी और हाथ हिला रही थी, मुझे लगता है उन्होंने बस को जाते हुए तब तक देखा जब तक बस दिखना बंद नही हो गयी थी।



सूरज की लालिमा दिखने लगी थी बस गाँव पहुंचने वाली थी और कम होते सफर के साथ धड़कन तेज़ हो रही थी, माँ कैसी होंगी, बाबूजी मुझे ठीक-ठीक सब कुछ क्यों नही बता रहे हैं? जेहन में अनगिनत सवाल थे> एक बार माँ ठीक हो जाये फिर कभी खाना खाने के लिए उन्हें परेशान नही करूँगा, चुपचाप खा लूँगा और न ही बाबूजी को कभी माँ को डाटने दूंगा। एक अजीब सी मनोस्थिति हो गई थी। गाँव के पास अस्पताल के पास बस रुकी और मैं दौड़ता हुआ अंदर की तरफ भागा। अस्पताल के बाहर मुझे मामा मिले और उनकी आँखें लाल थी, वो रोने से लाल थी, या रात भर जागने से ये नही मालूम पड़ पा रहा था, उनको देखते ही मैं माँ के पास भागा, अंदर बहुत भीड़ थी और उस भीड़ में बहुत से लोगो की रोने की आवाज आ रही थी। मेरे कदम वही जम गए। मेरे अन्दर की सारी फुर्ती खत्म होती दिख रही थी। ऐसा लग रहा था रक्त जम गया हो, मुझे याद नही कौन मुझे माँ के पास ले कर गया। माँ का शरीर बिलकुल ठंढा पड़ा था। उनके चहरे पर एक मुस्कान थी, जो हमेशा होती थी और वो मुस्कान मरने के बाद भी ऐसी ही थी, मुझे लग रहा था अभी उठेंगी और मुझे गले से लगा लेंगी, और पूछेंगी कुछ खाया-पिया, या ऐसे ही भागा चला आया है। एक जोर की चीख मेरे भीतर से निकली और फिर मैं रोता रहा..

**मो. शादाब (हिंदी ऑनर्स , द्वितीय वर्ष)**

# THE FIERY WAKE-UP CALL: DELHI'S BATTLE AGAINST GLOBAL WARMING



In the heart of India, amidst the bustling streets and vibrant culture, lies the nation's capital: Delhi. Once renowned for its historical landmarks and cultural heritage, this iconic city has become a battlefield, locked in a relentless struggle against the devastating impacts of global warming. The smog-choked skies, scorching heat waves, and vanishing green spaces paint a grim picture of the future that awaits us if we turn a blind eye to this existential crisis. Delhi, the epitome of resilience, has now become a grim testament to the planet's ever-increasing temperature. The sun's scorching rays pierce through every crack, transforming the metropolis into a furnace. Delhiites, once accustomed to the gentle caress of the seasons, now face an unyielding adversary: the invisible enemy of global warming.

In recent years, Delhi has seen unpredictably variable weather. Within a few weeks, the city experienced intense heat waves, torrential rain, and flooding. Residents of Delhi are dealing with increased air pollution and water shortages as a result of these climatic changes. Delhi's air pollution, poverty, and inconsistent access to key amenities, all exacerbate the effects of the heat on its residents. Heat immediately contributes to the concentrations of pollutants like ozone and fine inhalable particles while increasing physical stress on vulnerable persons. Air pollution currently causes 57,000 early deaths annually. The effects of the heat are unevenly felt throughout Delhi, with the western expanse of the city seeing the warmest temperatures. These populated regions can go up to 8°C hotter than the surrounding countryside, and by 2050, those temperatures are expected to increase 9°C. Due to expansive growth and heat-intensifying paved surfaces trapping heat, urban temperatures are generally greater than those of the nearby rural areas which contributes to the urban heat island

(UHI) effect. Without careful planning, Delhi's predicted 20 percent annual population growth through 2050 might lead to even more widespread urban growth, escalating the UHI issue.

The battle against global warming is not waged solely in the rising temperatures but also in the very air that Delhi breathes. The city's air quality has plummeted to hazardous levels, primarily due to the heavy influx of pollutants. Toxic fumes from factories, exhaust emissions from vehicles, and rampant construction have joined forces, shrouding the capital in an eerie gray haze.

Though the threat of global warming looms large over Delhi, there is still a glimmer of hope. Community-led initiatives, environmental awareness campaigns, and the resilience of its citizens have proven that change is possible. The Master Plan for Delhi to 2041 (MPD-2041), incorporates heat resilience along with other climate and development considerations, emphasising multiple win options like implementing permeable paving to reduce both flood and heat risks, investing in shared district cooling to reduce energy use and increase cooling access, and utilising green technologies that lower both heat and pollution. Delhi is adding more than 20% more trees to the city and implementing bio corridors to connect significant green nodes and include greenery as a means of reducing urban heat islands. Additionally, local authorities are collaborating with the federal government on a plan to add "cool roofs" to buildings.

The time has come for humanity to rise above short-term gains and prioritize the long-term survival of our planet. Let us heed the call to action, for the consequences of inaction are too dire to fathom. Together, let us forge a path towards a sustainable future, where global warming is but a distant memory, and the Earth thrives in all its resplendent beauty.

**Ruchi Singh**
**Assistant Professor**
**Department of Environmental Science**

# गांव की बाढ़



अगस्त महीने की शुरुआत होते ही उस समय वर्षा ऋतु का आगमन भी हो गया था। हमारा जिला चंपारण बापू के द्वारा चलाए गए पहले सफल आंदोलन की भूमि रही है, जहाँ से बापू को महात्मा की उपाधि मिली थी। इतनी एतिहासिक जगह होने के साथ-साथ इस चंपारण जिले को  बिहार का स्वर्ग कहे जाने का दर्जा भी प्राप्त है। जिस प्रकार कश्मीर को भारत का कहा जाता है उसी प्रकार चंपारण बिहार का स्वर्ग कहा जाता है।  जंगलों से घिरा हरा-भरा हमारा चंपारण और यहां का मौसम अद्भुत है। जहाँ अत्यधिक जंगल होंगे वहा वर्षा भी अधिक होगी। ये वर्षा कभी सुखाड़ वाले क्षेत्रों के लिए वरदान साबित होती है तो वहीं हरे-भरे वाले क्षेत्रों के लिए अभिशाप।

7 अगस्त को  रक्षाबंधन आने से एक सप्ताह पहले ही बारिश शुरू हो गई थी। कभी होती थी तो कभी रुक जाती थी मानो अब होगी ही नहीं लेकिन भला प्रकृति की मिजाज को आज तक कौन समझ पाया है। इस बार जब वर्षा हुई तो उसने रुकने का नाम ही नहीं लिया। उधर हमारा पड़ोसी देश नेपाल जो ऊंचाई पर बसा हुआ है। उसने अपने  बराज से पानी छोड़ दिया। नदी का जलस्तर धीरे-धीरे बढ़ने लगा। यदि वर्षा इसी तरह लगातार होती रही और नेपाल की तरफ से और पानी छोड़ा गया से तो नदी का बांध टूट सकता था। लेकिन इसमें भला नेपाल भी क्या कर सकता था। अगर वो पानी रोके तो वो खुद डूब सकता था। प्रकृति की मार जब पड़ती है तो सब को उसके विनाशकारी अवतार का सामना करना पड़ता है। हम सब हमेशा न्यूज में सुनते आ रहे थे कि आज बराज से इतना क्यूसेक पानी छोड़ा गया। इसी सब को देखते हुए सरकार भी अलर्ट हो गई थी। एनडीआरएफ की टीम को भी अलर्ट कर दिया गया। न्यूज में चल रही सूचनाओं को देखते हुए मेरी मां में मुझे बाजार से  जरूरी सामान खरीद कर लाने को बोला। जिसमे बाढ़ आने से पहले जरूरत का सामान इकट्ठा कर लिया जाए, जैसे खाद्य पदार्थ इत्यादि।  मैंने माँ से बोला आप इतना सारा सम्मान क्यों मंगा रहीं हो? जब बाढ़ आयेगी ही नहीं तो क्या फायदा। सारा सामान बर्बाद हो जाएगा। माँ ने मुझे समझाते हुए बड़े मधुर स्वर में कहा,  “देखो बेटा होनी को कौन टाल सकता है? जहां तक हमारे हाथ में है, हमें कोशिश करते रहना चाहिए। रही सामान की बात तो किसी जरूरत मंद व्यक्ति को दे देंगे।” मां बहुत दूरदर्शी है वो बहुत दूर की सोच रखती है क्योंकि वो सब जानती है। मैं इसके बाद बारिश में ही सामान लाने  चला गया जैसे ही मैं बाजार में पहुंचा तो बारिश और तेज हो गई बाजार में काफी हलचल मची हुई थी। लोग आपस में बात कर रहे थे।

# गांव की बाढ़

कोई कुछ कह रहा था तो कोई कुछ। मैं इन सब की बातो को सुनकर थोड़ा डर गया, क्योंकि मैने कभी बाढ़ देखी ना थी।आपस में  बुजुर्ग बातचीत कर रहे थे कि जब उनके समय बाढ़ आई थी तो किसी ने कल्पना तक नही की ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ा था। लोगो के घरों को बाढ़ ने अपने आगोश में ले लिया। लोगों के पास खाने को कुछ नहीं था लोग भूखे मर रहे थे। ये सब सुनते ही मेरा कलेजा कांप उठा। मैं कहीं न कहीं गलत था। मैं चाहता था कि एक बार बाढ़ आए तो खूब मजे करेंगे दोस्तों के साथ पानी में स्नान करेंगे लेकिन लोगों की बात सुनकर मेरी यह धारणा तुरंत बदल गई और मैं ईश्वर से प्रार्थना करने लगा कि बाढ़ ना आए। मैं सामान लेकर कैसे भी कर के भीगते हुए घर पहुंचा।

मेरी फूआ भी आई थी रक्षाबंधन में , अगले दिन रक्षाबंधन की तैयारी में सभी कोई लग गया। मैं बारिश के पानी से ही स्नान कर तैयार हो गया। रक्षाबंधन अच्छे से बीता। अगले दिन हमारी फूआ चली गई शायद उन लोगों का जाने का निर्णय सही था। बारिश और तेज हो गई नदी का जलस्तर और बढ़ गया। सारे तालाब, खेत, खलिहान पानी से भर गए हमारा गांव दो नदियों के बीच में है। भला कौन जानता था कि आज की रात क्या होने वाला है? वर्षा ऐसे हो रही थी मानो बादल ही हमारे गांव के ऊपर फट गया हो। ऐसा लग रहा था इन्द्र कुपित हो गए हों। वर्षा रुकने का नाम ही नहीं ले रही थी। ऐसी वर्षा मैंने पहले कभी नहीं देखी। इसकी वजह से लाइट भी चली गई। रात हो गई थी हम सब खाना खा कर सोने चले गए। मैं अपने कमरे में सोने  चला गया। बादल की डरावनी आवाज सुन कर मैं सहम सा गया। कैसे भी कर के जैसे मैं सोया तभी थोड़ी देर बाद मेरी मां की आवाज आई “बेटा जल्दी उठ, पानी हमारे घर की तरफ आ रहा है।” मैं तुरंत उठा और  बाहर जाकर देखा तो बाढ़ का पानी हमारे घर के दिवार को छूने लगा। बाढ़ की सूचना पूरे गांव में हर एक व्यक्ति तक फैल गई। तकरीबन 12-1 बज रहे थे, सभी लोग डर  गए कि अब क्या होगा। लोग अपने कीमती और जरूरत का सामान लेकर ऊंचे स्थान पर भागने लगे। गांव में भगदड़ सी मच गई। हमारे मुहल्ले के लोग अपने-अपने सामान को हमारे छत पर रखने लगे। हम सब  नीचे रखे  सामान को ऊपर लाने लगे।

पानी देखते ही देखते घर में घुसने लगा तभी पिताजी ने कहा कि सबसे पहले जा कर लोगो के सामान को लाने में उनकी मदद करो। मैं जैसे ही अपने दुआल पर उतरा तो पानी मेरी गर्दन तक आ गया। मैं कैसे भी कर के गया और जहां तक हो सका लोगो के सामान को ऊपर लाने में मदद की। पानी बढ़ता ही जा रहा था लेकिन कैसे भी कर के लोग पहुंच ही गए ऊपर वाले कमरे तक, । जानवरों की चीख सुन लोगों के बच्चों के रौंगटे खड़े हो गए। यह सोच कर कि ना जाने किस हालत में होंगे वो। बाढ़ का पानी गांव के घुस गया और पूरा गांव पानी में डूब गया। प्रकृति ने ऐसा कहर बरसाया जिसकी किसी ने कल्पना तक नही की होगी। हम सबके कपड़े भीग चुके थे, तभी मां ने सब को कपड़े दिए। छोटे-छोटे बच्चे रो रहे थे तो उनको कैसे भी कर के हमने सुला दिया। तभी सबको याद आया कि हमारे मुहल्ले का पालतू कुत्ता कहीं नज़र नही आ रहा क्योंकि वो हमेशा छत पर ही सोता था तभी उसकी चीख रसोई वाले घर में सुनाई दी। मैं और मेरे पड़ोस के एक लड़के ने उसे लाने के लिए नीचे जाने का निर्णय लिया। सभी ने हमे रोका पर हम नहीं माने और चले गए। सिर्फ हमारा सिर ही डूबने से बचा था।

# गांव की बाढ़

हमारे मन में उल्टे सीधे ख्याल आने लगे, वो कहीं नहीं दिख रहा था । थोड़ी देर बाद उसकी चीख सुनाई दी जो रसोई घर से आ रही थी जिसे बंद कर के बड़ी मां अपने मायके चली गई थी । हम दोनो ने कैसे भी कर के उस ताले को तोड़ा और अपने जिम्मी को बचा लिया। उसका शरीर पूरा पानी से भीग चुका था। अगर थोड़ी देर होती तो....? कैसे भी कर के हम सब ने रात गुजारी। सुबह होते ही पानी का स्तर घटने लगा और जब सबने अपने घरों में जा कर देखा तो सभी के घरों में मिट्टी वाली कीचड़ ,कचरा, कबाड़ आकर फंस गए थे और उनके अनाज को भी बाढ़ अपने साथ बहा ले गया था । माँ ने उसी वक्त बाजार से जो सामान मंगवाया था, उसे सबको दे दिया और सब के लिए खाना बनाने लगी। सभी लोगों ने खाना खाया और आराम करने लगे। कुछ लोग स्थिति का जायजा लेने के लिए गांव में गए तो पता चला कि दोनो नदियों में अधिक पानी हो जाने के कारण कहीं-कहीं जगह से टूट गई थी।

अगली सुबह मैं और मेरे पड़ोसी जिसने जिम्मी को बचाने में हमारी मदद की थी हम दोनों आस पास वाले गांवों का जायजा लेने के लिए चल पड़े। हम जिस गांव में गए थे, उसी गांव में हमारे हिंदी के टीचर भी रहते थे। जो सौभाग्य से किसी काम से दिल्ली आए हुए थे। मैं और वो जैसे ही घर से निकले थोड़ी दूरी चले , जो देखा वह दृश्य और और अधिक डरावना था। मेरा मन विचलित हो गया। मैंने देखा की सड़क के किनारे चारो तरफ जानवरो की लाश फंसी हुई है। कोई पेड़ पर लटका पड़ा है तो कोई झाड़ियों में, किसी का मृत शरीर पानी के ऊपर तैर रहा है। ऐसा दृश्य देखकर किसी का भी मन विचलित हो सकता है। ये सब बहुत बदबू दे रहे थे। कई लोग बीमार पड़ने लगे थे। मैं कैसे भी कर के पास वाले वाले गांव में गया और देखा कि उस गांव के स्कूल के एक मंजिल तक पानी भर गया था। सोचकर ही कितना डर लगता है। हैरानी की बात यह है कि उस स्कूल के ऊपर आधे से ज्यादा गांव वाले ठहरे थे। हम जैसे ही और आगे बढ़े तो देखा कि लोग अपने-अपने अनाज को बाहर निकाल कर फेंक रहे थे क्योंकि वो सड़ने लगा था। उसके बाद मैने देखा कि हमारे घर के ऊपर वाले कमरे तक कीचड़ चढ़ा हुआ है। इसके बाद आगे चले नदी के मुहाने पर तो देखा कि कई सारे मवेशी नदी के अंदर मरे पड़े थे। यातायात के माध्यम का जो साधन था, एक मात्र सड़क, वो भी पूरी तरह से टूट चुकी थी। वहाँ पर खड़े लोगों ने ऐसी बातो का जिक्र किया कि विश्वास ही नहीं हुआ। एक ने तो कहा एक परिवार के सभी सदस्य बचने के लिए सात मंजिला मंदिर में आ गए तभी परिवार के मुखिया को याद आया कि पैसा और अपने मवेशियों को तो बांधे ही छोड़ दिया था। उसने अपने परिवार के सदस्यों से बोला कि वे लोग यही रहें, वह मवेशियों को छुड़ा कर आता है। सब उसे जाने से मना कर रहे थे क्योंकि पानी का बहाव बहुत तेज हो गया था, लेकिन वो नही माने और वह चले गए। वो तो कैसे भी कर के घर चला गया लेकिन उसके परिवार के सभी सदस्य काल के गाल में समा गए। जब वो वहाँ आया तो बहुत ही विचलित हो उठा। मंदिर के पुजारी जब अपने कुटिया में सो रहे थे तो उनकी पूरी कुटिया सहित उन्हें बाढ़ ने अपने आगोश में लें लिया।

ऐसी बहुत सारी घटनाएं हुई, जिसका अपनी जुबान से बयान कर पाना मुमकिन नहीं है। इस घटना के बाद लोगो के पास खाने को कुछ नही बचा और भुखमरी जैसी स्थिति आ गई थी। यातायात का साधन भी ठप्प हो चुका था बिजली भी कितने दिनों से कटी हुई थी, ना कोई कोई सामान आ रहा था और और न ही

# गांव की बाढ़

जा पा रहा था। सब्जी और जरुरत के सामान महंगे मिल रहे थे लेकिन सरकार ने बहुत जल्द ही राहत पैकेज का ऐलान किया और बहुत सारे संगठनों द्वारा लोगो तक सहायता पहुँची। धीरे- धीरे स्थिति में सुधार होने लगा ।

इस आपदा से भारत सरकार को बहुत कुछ दूसरे देशों से सीखना चाहिए ऐसे नही की ये पहली आपदा थी उससे पहले न जाने कितने विनाशकारी आपदाएं आ चुकी है जिससे न जाने कितने लोगो की जान जा चुकी है । जापान के साथ -साथ कई ऐसे देश है जो अपने शहर में बड़े बड़े टैंकर जमीन के अंदर बनाकर रखते है जिससे जब भी बारिश या बाढ़ आती है तो वो पानी को स्टोर कर के रखते है और बाद में उस पानी का उपयोग पीने में, सिंचाई में ,बिजली बनाने में किया जाता है। अगर हम सब भी वैसे ही करे तो काफी हद तक उसकी समस्या को कम किया जा सकता है। ऐसी स्थिति में सब को सब का साथ देना चाहिए और जहां तक हो सके मदद करनी चाहिए।

**ऋषभ शर्मा**
**हिंदी ऑनर्स, प्रथम वर्ष**



# THE FEMALE QUEST OF OWNING THE PEN

Novels have consistently served as catalysts for societal changes. Numerous social theorists, literary critics, and scholars have characterized the connection between literature and society as mutually beneficial. Not only does reality influence fiction, but the latter acts as a catalyst for altering readers' perspectives and constructing a fresh social framework. According to Rockwell, the novel holds a distinct concern for social reality. It both delineates and establishes norms and values, portraying its characters as participants in their demonstration.

The Victorian period, spanning from mid 19th century to the early 20th century, was characterized by entrenched social norms and pervasive gender disparities. In this context, many talented women encountered obstacles to publication and recognition, prompting them to adopt male pen names as a means of circumventing societal biases. This essay explores the intricate motivations underlying the use of pen names by female writers during the Victorian era, examining the profound influence of these pseudonyms on their literary careers and their evolution in the context of Romanticism. Victorian society firmly held beliefs about women's intellectual capabilities and societal roles. It was commonly believed that men possessed larger brains and, by extension, greater intelligence, while women were presumed to have smaller, inferior brains. Consequently, women were frequently confined to domestic settings and expected to embody characteristics such as innocence, acceptance, patience, tolerance, submission, and a lack of intellect. Male authors, who dominated the literary landscape of the era, contributed to the perpetuation of these biases.

As per Victorian sensibility, a woman's identity, was defined solely by her roles as a mother or a wife; she was deprived of any individual identity and opportunity to make a personal contribution to the world: this problematization entails the women’s challenging journey from restriction towards freedom. She is not an artist or scientist with personal interests, but a devoted, submissive, unquestioning spouse and mother, whose only contribution is in the form of unconditional love.

# THE FEMALE QUEST OF OWNING THE PEN

The archetypal Victorian woman was famously depicted in Coventry Patmore's "The Angel in the House," where he lauds his wife as the ideal devoted homemaker, deserving of admiration. This representation of the ideal woman inspired numerous writers, including Virginia Woolf, who further elaborated on the concept of the ideal wife:
“She was intensely sympathetic. She possessed immense charm. She was entirely selfless. She excelled in the intricate arts of family life. She made daily sacrifices. If there was a chicken, she would take the leg; if there was a draft, she would sit in it... Above all, she was pure.” (Woolf, 1966)

